दिनांक 10.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 571/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद सीतापुर/थाना संदना

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के पीली धातु (25 ग्राम) सफेद धातु (6.5 किलोग्राम) के आभूषण**
- **लूट के 50 हजार 200 रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 09/10.11.2026 को थाना संदना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोनीघाट पुल के पास से अभियुक्त 1–वैजनाथ उर्फ धीरज 2–लुकमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशादेही पर गणेशपुर तिराहा के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 3–दीपक 4–इरफान घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के पीली धातु (25 ग्राम) सफेद धातु (6.5 किलोग्राम) के आभूषण, लूट के 50 हजार 200 रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.11.2026 को थाना संदना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना संदना पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों के गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त वैजनाथ उर्फ धीरज के विरूद्ध जनपद सीतापुर व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या

का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त लुकमान के विरूद्ध जनपद सीतापुर, खीरी व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 16 अभियोग, अभियुक्त दीपक के विरूद्ध जनपद खीरी व सीतापुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग एवं अभियुक्त इरफान के विरूद्ध जनपद खीरी, सीतापुर व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त इरफान व दीपक थाना संदना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना संदना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–वैजनाथ उर्फ धीरज निवासी ग्राम नन्दवन थाना संदना जनपद सीतापुर।

2–लुकमान निवासी मो0 सिद्धेश्वरनगर थाना सिधौली जनपद सीतापुर।

3–दीपक निवासी अहमद नगर थाना हैदराबाद जनपद लखीमपुर खीरी।

4–इरफान निवासी बी ब्लॉक राजेन्द्र नगर थाना गोला जनपद लखीमपुर खीरी।

बरामदगी

1–लूट के पीली धातु (25 ग्राम) सफेद धातु (6.5 किलोग्राम) के आभूषण।

2–लूट के 50 हजार 200 रूपये नगद।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

जनपद संतकबीरनगर/थाना मेंहदावल

- **10–10 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 10.11.2026 को थाना मेंहदावल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विसौवा बाजार के पास से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–अंकुश उर्फ अंकुर 2–इन्द्रजीत को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना मेंहदावल पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10–10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अंकुश उर्फ अंकुर निवासी कुडवा थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर।

2–इन्द्रजीत निवासी कुडवा थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर।

जनपद गाजीपुर/थाना जंगीपुर

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 04 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) की 01 किलो 904 ग्राम अवैध हेरोइन**
- **04 मोबाइल फोन बरामद**

दिनांक 10.11.2026 को थाना जंगीपुर व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बनारस गोरखपुर हाईवे अरशदपुर तिराहा के पास से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 04 अभियुक्तों 1–जमीर हवारी 2–बबलू कुमार 3–गुलशन कुमार 4–विवेक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 04 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) की 01 किलो 904 ग्राम अवैध हेरोइन, 04 मोबाइल फोन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना जंगीपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–जमीर हवारी निवासी बनका बउआरा थाना कुड़नी जनपद कैमूर भभुआ, बिहार।

2–बबलू कुमार निवासी कारीराम थाना नुवॉव जनपद कैमूर भभुआ, बिहार।

3–गुलशन कुमार निवासी कारीराम थाना नुवॉव जनपद कैमूर भभुआ, बिहार।

4–विवेक निवासी ग्राम खजुरी थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर।

बरामदगी

1–लगभग 04 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) की 01 किलो 904 ग्राम अवैध हेरोइन।

2–04 मोबाइल फोन।

————————